प्रैस विज्ञप्ति

ग्रेट हिमालय नेशनल पार्क की अधिकारिक वेबसाईट का शुभारंम्भ

ग्रेट हिमालय नेशनल पार्क (GHNP) जो अपनी जैव विविधता के कारण हिमालय के ताज का गहना बन चुका है की आधिकारिक वेबसाईट का शुभारंम्भ आज दिनांक 29.8.2015 को श्री ठाकुर सिंह भरमौरी, माननीय वन एवं मत्स्य मंत्री हिमाचल प्रदेश ने वन विभाग के मुख्यालय के सभागार में किया। इस अवसर पर श्री करण सिंह माननीय सहकारिता एवं आर्युवेद मंत्री हिमाचल प्रदेश जो कुल्लु में ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के क्षेत्र से विधायक हैं, भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि पार्क को UNESCO की विश्व विरासत का दर्जा प्राप्त हुआ है, जिसके लिए माननीय वन एवं मत्स्य मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। इस वेबसाईट में ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। वर्ष 1984 में पार्क की स्थापना हुई थी तथा यह 754.4 वर्ग कि0 मी0 में फैला हुआ है। वेबसाईट में यात्रा से सम्बन्धित जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। ठहरने की अग्रिम बुकिंग तथा अन्य सुविधाएं भी प्राप्त की जा सकेगी, जिससे न केवल राजस्व की प्राप्ति होगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा।

श्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने पार्क में ईको पर्यटन को बढाने एवं प्राकृति प्रेमियों को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए पार्क के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने पार्क के प्रबन्धन में स्थानीय समुदायों को शामिल करके पार्क के कर्मचारियों को मजबूत करने की भी सलाह दी, जिससे घरेलु एवं विदेशी पर्यटकों को सुविधा मिल सके। इस अवसर पर श्री करण सिंह ने पार्क के अदंर सुधार करने एवं पर्यटकों को सुविधा प्राप्त करने के लिए वन विभाग को कहा। उन्होंने आधुनिक सुविधाएं उपलब्बद कनवाने के लिए भी कहा।



अन्त में श्री भरमौरी ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ विभाग में चल रही विकासात्मक गतिविधियों के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर श्री जे0 एस0 वालिया प्रधान मुख्य अरण्यपाल,वन्य प्राणी, श्री एस0एस0 नेगी, प्रधान मुख्य अरण्यपाल हि0प्र0, डा0 ललित मोहन, प्रबन्ध निदेशक, राज्य वन विकास निगम हि0 प्र0 व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।